आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.07.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने दिनांक 14.07.2020 को आरेडिका आवासीय परिसर में नवनिर्मित "क्रिकेट ग्राउंड एवं तरणताल (स्वीमिंग पूल)" का लोकार्पण किया।

आरेडिका में नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण बीसीसीआई (BCCI) के मापदंडों के अनुरूप किया गया है। इस ग्राउंड में तीन मुख्य पिच है। इस ग्राउंड में लगभग 200 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

आरेडिका आवासीय परिसर मे बनाये गए तरणताल International Swimming Federation (FINA) मानक के अनुरूप ओलम्पिक साईज का है जिसका माप 50x26x2.1 मीटर है तथा साथ में बच्चों एवं खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु एक वार्मअप तरणताल का भी निर्माण किया गया है जिसका माप 21x25x1.4 मीटर है। इस तरणताल मे लगभग 250 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इस तरणताल के दीवारों को सुन्दर और आकर्षक बनाने में ऑयल पेन्टिग का प्रयोग किया गया है। इस तरणताल में वैक्टीरिया, वायरस, शैवाल और कीट आदि को रोकने के लिए रासयनिक कीटनाशकों जैसे कि क्लोरीन, एलम और अतिरिक्त यूवी कीटाणुरोधक फिल्टरों का उपयोग किया गया है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि आरेडिका आधुनिक कोचों के उत्पादन के साथ–साथ कर्मचारियों के लिए भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है। इन सुविधाओं से आरेडिका आवासीय परिसर में रह रहे लोगों में विभिन्न प्रकार के खेलों के प्रति जागरूकता आयेगी। आरेडिका मे कर्मचारियों के लिए अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया करने के उद्देश्य से "क्रिकेट ग्राउंड एवं स्वीमिंग पूल" का निर्माण कराया गया है। इस प्रोजक्ट को पूर्ण करने मे सहयोग करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों के पक्ष में महाप्रबंधक महोदय ने क्रिकेट ग्राउंड के लिए 20 हजार एवं तरणताल के लिए 20 हजार का नकद पुरस्कार घोषित किया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री अनूप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं प्रेसीडेण्ट खेलकूद संघ आरेडिका श्री पी. एन. पाण्डे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री एस. के. अग्रवाल तथा मुख्य परियोजन प्रबंधक एवं सचिव खेलकूद संघ आरेडिका श्री एस. के. कटियार सहित अन्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

A Srivastava
15/07/2020

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन–सम्पर्क अधिकारी